# पौधों की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्टिंग मैनेजमेंट) के लिए संरचनाएं ।

औषधीय पौधों की खेती  के बाद उनकी गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उन्हें अच्छे से सुखना , एक सुरक्षित स्थान पर स्टोर करना  और उनमें उपस्थित तत्वों (फाइटोकेमिकल) को सुरक्षित रखने जरूरी होते हैं ताकि उनकी बाजार में कीमत अच्छी बनी रहे , बिक्री ज्यादा हो और नुकसान कम हो।

इसलिए पोस्ट हार्वेस्टिंग मैनेजमेंट संरचनाएं जैसे की गोदाम , सूखने के लिए यार्ड , औषधीय पौधों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए  मूल्य संवर्धन (वैल्यूएडिशन)  और प्राथमिक पृसंस्करण इकाइयां(प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट) एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

पौधों की कटाई के बाद ( पोस्ट हार्वेस्टिंग मैनेजमेंट ) संरचनाओं को बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

**सूखने के लिए यार्ड (ड्राइंग यार्ड)**

औषधिय पौधों की कटाई के बाद उनके गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सबसे प्राथमिक चरण उन्हें स्वच्छ और साफ परिस्थितियों में सुखना होता है। जिसके लिए सूखने के यार्ड (ड्राइंग यार्ड) आवश्यक है।

**सूखने के यार्ड (ड्राइंग यार्ड )बनाने के लिए जरूरी  संरचनाएं / मशीने।**

1. सूखने की मशीन (ड्रायर):
   वेंटिलेटेड ड्रायर, हॉट एयर ड्रायर, वाइब्रेटिंग ड्रायर, इन्फ्रारेड ड्रायर ,एयर कंडीशनिंग यूनिट, एयर कंडीशनिंग यूनिट।
2. सूखने की जगह (ड्राइंग चैंबर)
3. पॉलीथिन शीट्स और शेड्स
4. तापमान को कंट्रोल करने का सिस्टम
5. आर्द्रता नियंत्रक (ह्यूमिडिटी कंट्रोलर)
6. ट्रॉली और रैक आदि होने चाहिए।

**ड्रायर:**











ट्रे।



ह्यूमिडिटी कंट्रोल यूनिट

**सूखने के यार्ड बनाने के लिए न्यूनतम भूमि:** सूखने के लिए यार्ड बनाने के लिए कुल भूमि का 20% भाग होना चाहिए।

**वित्तीय सहायता:** सूखने का याद बनाने के लिए

- सरकारी क्षेत्र को 10 लाख रुपए प्रति यूनिट।
- निजी क्षेत्र को 5 लाख रुपए प्रति यूनिट दिए जाएंगे।

| **क.स** | **प्रोजेक्ट का नाम** | **न्यूनतम भूमि** | **वित्तीय सहायता** | **कौन आवेदन कर सकता है** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सूखने के यार्ड(ड्राइंग यार्ड) | सूखने के लिए यार्ड बनाने के लिए कुल भूमि का 20% भाग होना चाहिए। | सरकारी क्षेत्र को **10 लाख** रुपए दिए जाएंगे ।<br><br>निजी क्षेत्र को 5 लाख रुपए क्षेत्र को दिए जाएंगे। | सरकारी तथा निजी (प्राइवेट) क्षेत्र दोनों सूखने के यार्ड(ड्राइंग यार्ड) प्रोजेक्ट के लिए आवेदन कर सकते है । |